# कार्यालयः प्रधानाचार्य, एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर

संख्या–का0आ0न0/संविदा विज्ञप्ति/2026/109–15 दिनांक 28/01/2026

## सेवायोजन विज्ञप्ति

उ0प्र0 शासनदेश संख्या–70/2022/87/71–1001(088)/585/2021 दिनांक–09 मई, 2022 उत्तर प्रदेश शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग के पत्र संख्या–148/71–1–24/71–1001/804/2020 दिनांक 14 जून, 2024 व पत्र संख्या–1/868657/2025/71–1005(001)/20/2021 पार्ट–1 दिनांक 03.02.2025 एवं पत्र संख्या–1/889183/2025/71–1005(001)/20/2021 पार्ट–1 दिनांक 24.02.2025 पत्र संख्या–1/973852/2025/71–1005(001)/20/2021 दिनांक 27.04.2025 तथा माननीय उच्चतम न्यायालय के 2025 के रिट प्रिटीशन नं0 1425 दिनांक 15.01.2026 के कम में दिये गये निर्णय के पैरा 45 के सब पैरा vi तथा vii के अनुपालन के दृष्टिगत के अनुपालन में कालेज ऑफ नर्सिंग, राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर में निम्नलिखित नर्सिंग संवर्ग के शैक्षणिक रिक्त पदों को संविदा के आधार पर भरे/नियुक्ति किये जाने हेतु साक्षात्कार वाक–इन–इंटरव्यू उपरांत चयन की कार्यवाही की जानी है। पदों का सदर्भित विवरण निम्नवत् है–

### रिक्त पदों का विवरण

| | Associate Professor | | | | Assistant Professor | | | | Tutor | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | UR | OBC | SC | EWS | UR | OBC | SC | EWS | UR | OBC | SC | EWS |
| College of Nursing, MRA Medical College, Ambedkar Nagar | | - | 01 | - | 01 | 01 | - | | 03 | 03 | 02 | 01 |

उक्त रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर चयन की प्रक्रिया चयन समिति की संस्तुति के आधार पर पूर्ण की जायेगी। रिक्त पदों पर समय–समय पर आरक्षण हेतु जारी शासनादेशों का अनुपालन किया गया है।

### उक्त पदों की शैक्षणिक अर्हता/अनुभव

| S.No. | Post Name | Qualification & Experience |
|---|---|---|
| 1 | Associate Professor | Essential Qualification: M.Sc. (Nursing)<br>Experience: Total 8 years experience with M.Sc. (Nursing) including 5 years teaching experience<br>Ph.D. (Nursing) desirable |
| 2 | Assistant Professor | Essential Qualification: M.Sc. (Nursing)<br>Experience: M.Sc. (Nursing) with total 3 years teaching experience<br>Ph.D. (Nursing) desirable |
| 3 | Tutor | M.Sc. (Nursing) preferable<br>Experience: B.Sc. (Nursing)/P.B.B.Sc. (Nursing) with 1 year experience. |

- अन्य पिछड़ा वर्ग जाति प्रमाण पत्र दिनांक 01 अगस्त, 2025 के बाद का तथा ई0डब्ल्यू0एस0 प्रमाण पत्र वित्तीय वर्ष 2024–25, 01 अप्रैल, 2025 के बाद का ही मान्य होगा।
- उम्मीदवारों की संख्या अधिक होने पर लिखित परीक्षा (बहुविकल्पीय) का आयोजन भी किया जा सकता है।
- पदों की संख्या घट–वढ़ सकती है।

**आवेदन शुल्क–** आवेदन पत्र प्रधानाचार्य कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर/रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 16.02.2026 को शायं 05:00 बजे तक जमा किया जा सकता है तदोपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। अभ्यर्थियों को रु 500–आवेदन शुल्क डी०डी० के रूप में जमा करना होगा, जो प्रधानाचार्य, एम0आर0ए0मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर के नाम से देय होगा एवं अन्य किसी माध्यम से जमा किया गया शुल्क मान्य नहीं होगा। आवेदन शुल्क किसी भी दशा में वापस नहीं होगा। एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी को पृथक–पृथक आवेदन प्रपत्र भरकर आवेदन शुल्क के साथ जमा करना होगा।

- उक्त पदों हेतु प्राप्त आवेदनों की जांच उपरान्त पात्र अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जायेगा। परीक्षा/साक्षात्कार से संबंधित तिथि, समय एवं स्थान की सूचना पात्र अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत ई–मेल आईडी अथवा मोबाइल नंबर पर दूरभाष (फोन) के माध्यम से प्रदान की जायेगी।
- लिखित परीक्षा/साक्षात्कार का आयोजन दिनांक 20 फरवरी, 2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 09 बजे से अपरान्ह 03 बजे के मध्य आयोजित किया जायेगा।
- इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि भर्ती प्रकिया से संबंधित समस्त अद्यतन सूचनाओं हेतु संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट mramc.ac.in का अवलोकन करते रहें। डाक द्वारा पृथक से कोई सूचना प्रेषित नहीं की जायेगी।
- लिखित परीक्षा/साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी को अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

संविदा पर नियुक्ति की शर्तें निम्नवत है:–

1. संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले नर्सिंग शिक्षकों को शासनादेश सं0–57/2022/1/156557/2022/71–1005(001)/20/2021 दिनांक 15 अप्रैल, 2022 में निर्धारित शर्तें एवं प्रतिबंध लागू होगा।
2. वेतन के संबंध में समय–समय पर जारी शासनादेशों का अनुपालन किया जायेगा। इसके अतिरिक्त चयनित अभ्यर्थी किसी भी प्रकार के भत्ते, बोनस एवं पेंशन संबंधी सुविधाओं का हकदार नहीं होगा।
3. नर्सिंग शिक्षकगण स्थानांतरित नहीं किए जायेंगे।
4. संविदा पर नियुक्त किये जाने वाले शिक्षकगण को नियमानुसार मानदेय प्रदान किया जायेगा।
5. संविदा पर नियुक्ति किये जाने वाले नर्सिंग शिक्षकों को वही मानदेय प्रदान किया जाएगा जो शासन द्वारा निर्धारित किया गया है।
6. नर्सिंग शिक्षकों की कार्य दिवस में 08 घण्टे की ड्यूटी होगी, किसी भी कार्य दिवस में अनुपस्थित रहने पर उस दिवस के वेतन की धनराशि प्रदान नहीं की जायेगी।
7. संविदा कार्मिकों को आकस्मिक अवकाश/चिकित्सा अवकाश वर्ष में अधिकतम 14 तथा राजपत्रित अवकाश पूर्व में अनुमति के पश्चात देय होगा।
8. महिला संविदा कर्मियों को मेटरनिटी लीव, मैटरनिटी बेनीफिट एक्ट 1961 के तहत 180 दिन का अवकाश सवेतन अनुमन्य होगा।
9. यदि कोई संविदा कर्मी बिना किसी विशिष्ट कारण अथवा सूचना के अपनी ड्यूटी से एक सप्ताह से अधिक अनुपस्थित रहता है तो उसकी संविदा अनुपस्थिति की तिथि से स्वतः समाप्त मानी जायेगी।
10. नर्सिंग शिक्षकों का संविदा कार्यकाल 01 वर्ष का होगा। सेवा संतोषजनक होने और आवश्यकता होने पर कार्य एवं आचरण संबंधित कोई प्रतिकूल तथ्य न हो, जो इनका कार्यकाल बढ़ाये जाने में बाधक हो एवं संबंधित से प्रमाण–पत्र प्रदान करते हुए कि इनके विरुद्ध मा० न्यायालय में कोई आपराधिक वाद नहीं है के आधार पर कार्यकाल सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरांत 01 वर्ष हेतु बढ़ाया जा सकेगा।
11. सेवा सतोष जनक न पाये जाने पर एक माह का नोटिस देकर सेवाएं समाप्त की जा सकती है।
12. सविदा छोड़ने की स्थिति में कर्मी को एक माह पूर्व नोटिस या नोटिस न देने की स्थिति में 01 माह का मानदेय जमा करना होगा।
13. संविदा कर्मी की सेवाएं सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित अभ्यर्थी के उपलब्ध होने पर लास्ट कम फर्स्ट गो के आधार पर तत्काल समाप्त हो जायेगी।
14. लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय समस्त वांछित मूल अभिलेख तथा उनकी एक स्वप्रमाणित छायाप्रति एवं 02 नवीन फोटो अवश्य लाये।
15. लिखित परीक्षा/साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को यात्रा भत्ता आदि देय नहीं होगा।
16. सरकार आई०एन०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थानों का ही शैक्षणिक अनुभव मान्य होगा।
17. संविदा पर चयनित नर्सिंग शिक्षक भविष्य में विनियमितीकरण/स्थायीकरण के लिए हकदार नहीं होगे।
18. लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी इस आशय का घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत करेगे कि उनके विरुद्ध माननीय न्यायालय में आपराधिक वाद प्रचलित नहीं है और यदि उनके विरुद्ध कोई प्रतिकूल तथ्य पाया जाता है तो उनकी सेवाये तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जायेगी।
19. अभ्यर्थी संबंधित पद हेतु अपने शैक्षणिक योग्यता/अन्य प्रमाण–पत्रों का आवेदन पत्र प्रधानाचार्य कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर/रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से दिनांक 16.02.2026 को सायं 05:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में जमा कर सकते है।

प्रधानाचार्य
M. Yadav

एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज
अम्बेडकर नगर।

पत्रांक–का0आ0न0/संविदा विज्ञप्ति/2025 109-15 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

01. अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग–1, लखनऊ, उत्तर प्रदेश ।
02. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश।
03. कुलसचिव, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ।
04. समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय एवं स्वशासी मेडिकल कालेज, उत्तर प्रदेश।
05. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर।
06. प्रधानाचार्य, कालेज ऑफ नर्सिंग, एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर ।
07. नोडल अधिकारी बेबसाइट, एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को कालेज की वेबसाइट पर प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें।
08. गार्ड फाइल।

प्रधानाचार्य
M. Yadav

एम0आर0ए0 मेडिकल कालेज,
अम्बेडकर नगर

ok